# परिवार वालों के लिए घर पर एक मार्गदर्शिका

नॉर्थ कैरोलिना पब्लिक स्कूल्स (North Carolina Public Schools) में पहली कक्षा का सामाजिक विज्ञान

# विषय की रूपरेखा

**साल के आखिर में, मेरा बच्चा ये सीख जाएगा कि...**

व्यावहारिक विज्ञान (Behavioral Sciences)

- कैसे संस्कृति, मूल्य और विश्वास लोगों, जगहों और वातावरणों को आकार देते हैं।
- दुनिया भर के स्थानीय समुदायों और जगहों में सांस्कृतिक प्रथाओं एवं परंपराओं की पहचान कैसे करें।
- उन तरीकों को संक्षेप में कैसे प्रस्तुत किया जाए जिनसे सांस्कृतिक, नस्लीय और जातीय तौर पर विविध लोग एक समुदाय को आकार देने में मदद करते हैं।
- दुनिया भर के समुदायों में विविध लोगों और संस्कृतियों की कलात्मक अभिव्यक्तियों के योगदान को कैसे समझाया जाए।
- कक्षाओं, स्थानीय समुदायों और दुनिया में मतभेदों को हल करने के तरीके को संस्कृति, मूल्य और विश्वास कैसे प्रभावित करते हैं, इसकी व्याख्या कैसे करें।

नागरिक शास्त्र और सरकार (Civics & Government)

- लोग समुदाय में कैसे जुड़ते और भाग लेते हैं।
- कैसे लोगों और समूहों द्वारा समुदायों को आकार देने में भूमिका निभाने और नियमों एवं कानूनों के निर्माण में योगदान देने के तरीकों का उदाहरण दिया जाए।
- विभिन्न समुदायों में नागरिकों के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के बीच अंतर की पहचान कैसे करें।
- विभिन्न प्रक्रियाओं या रणनीतियों की तुलन� कैसे करें जिनका इस्तेमाल लोग समुदायों को बेहतर बनाने के लिए कर सकते हैं।

अर्थशास्त्र (Economics)

- बुनियादी आर्थिक अवधारणाएँ लोगों द्वारा लिए गए फ़ैसलों में कैसे भूमिका निभाती हैं।
- कमी और सीमित संसाधनों के बीच संबंध को कैसे पहचानें।
- सप्लाई और डिमांड के बीच संबंध को कैसे पहचानें?
- सप्लाई और डिमांड लोगों द्वारा चुने गए विकल्पों को कैसे प्रभावित करती है।
- उन कारणों का संक्षेप में वर्णन कैसे करें जिनके कारण लोग और देश चीज़ों एवं सेवाओं का व्यापार करते हैं।

भूगोल-शास्त्र (Geography)

- परिवेश का वर्णन करने के लिए भौगोलिक प्रतिनिधित्व, उपकरण और शब्दों का कैसे प्रयोग करें।
- दुनिया भर की जगहों की विभिन्न प्रकार की भू-आकृतियों की पहचान करने के लिए मैप्स, ग्लोब और/या डिजिटल प्रतिनिधित्व का इस्तेमाल कैसे करें।

- भौगोलिक विशेषताओं को मैप या डिजिटल प्रतिरूपों पर चिन्हों द्वारा कैसे दर्शाया जाता है।
- दुनिया भर की विभिन्न जगहों और क्षेत्रों में मनुष्यों और पर्यावरण के बीच कैसे संबंध हैं।
- दुनिया भर के विभिन्न क्षेत्रों में भौतिक पर्यावरण लोगों को विभिन्न तरीकों से कैसे प्रभावित करता है, इसकी व्याख्या कैसे करें।

इतिहास (History)

- समय के साथ लोगों और घटनाओं ने समाज को कैसे बदल दिया है।
- पूरे इतिहास में लोगों के अनुभवों और उपलब्धियों ने समय के साथ दुनिया भर के विभिन्न स्थानीय समुदायों और समुदायों में बदलाव में योगदान देने में कैसे मदद की है।
- इतिहास की विभिन्न घटनाओं के अनेक दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों का इस्तेमाल कैसे करें।

पूछताछ

- कैसे पूछताछ सवालों के जवाब देने और समस्याओं को हल करने की एक प्रक्रिया है।
- तत्परता एवं समर्थन के साथ एक प्रेरक प्रश्न को कैसे पहचानें और बताएँ कि किसी विषय या मुद्दे के लिए एक प्रेरक प्रश्न क्यों या कैसे ज़रूरी है।
- स्रोतों के तथ्यों, राय और अन्य विवरणों की समझ कैसे दर्शाएँ।
- किसी प्राथमिक या द्वितीयक स्रोत से जुड़ी जानकारी की पहचान कैसे करें, जिसमें ये भी शामिल है कि इसे किसने बनाया, उन्होंने इसे कब बनाया, उन्होंने इसे कहाँ बनाया और उन्होंने इसे क्यों बनाया।

**क्या आप जानना चाहते हैं कि North Carolina में पहली कक्षा के सामाजिक विज्ञान के लिए विशिष्ट मानक क्या हैं?**
और ज़्यादा जानकारी के लिए **North Carolina मानक अध्ययन पाठ्यक्रम** देखें। इस पाठ्यक्रम के अंत में छात्रों को क्या करने में सक्षम होना चाहिए, क्या आप इसके बारे में अतिरिक्त जानकारी ढूँढ रहे हैं? इस **NC DPI के अनपैक्ड कंटेंट्स डॉक्यूमेंट्स** को देखें जो पाठ्यक्रम मानकों के अनुरूप हैं।

# प्रमुख शब्दावली

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **संस्कृति** | एक समूह द्वारा साझा किए गए व्यवहार और मान्यताएँ। |
|  | **परंपरा** | पीढ़ियों से चला आ रहा एक रिवाज़। |
|  | **कला** | एक गतिविधि या रचना जिसका उद्देश्य सुंदर होना है। |
|  | **समस्या को हल करना** | किसी समस्या का समाधान ढूँढना। |

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **समुदाय** | एक ही जगह रहने वाले लोगों का समूह। |
|  | **सरकार** | लोगों का एक समूह जिसके पास दूसरों के लिए कानून बनाने और फ़ैसले लेने का अधिकार हो। |
|   | **अधिकार** | एक शक्ति या विशेषाधिकार जो किसी व्यक्ति के पास होता है। |
|  | **ज़िम्मेदारी** | कुछ ऐसा जो आपसे करने की अपेक्षा की जाती है। |
|  | **स्वयंसेवा करना** | बिना कोई भुगतान वाला काम करना। |
|   | **इच्छा** | कुछ पाने की चाहत। |
|   | **ज़रुरत** | कुछ ऐसा जो आपके पास होना ज़रूरी हो। |
|  | **डिमांड** | कोई चीज़ कितनी मशहूर है या कितने लोग उस चीज़ को चाहते हैं। |
|  | **निर्माता** | जो लोग सामान और सेवाएँ बेचते हैं। |
|  | **उपभोक्ता** | जो लोग सामान और सेवाएँ खरीदते हैं। |
|   | **मैप** | पृथ्वी की सतह का एक मॉडल जिसमें रंगों, आकृतियों और चिन्हों का इस्तेमाल होता है। |
|  | **भू-आकृतियाँ** | पृथ्वी की ख़ास विशेषताएँ। |
|  | **पर्यावरण** | आपके आस-पास की भूमि और जलवायु। |
|  | **रीसायकल करना** | किसी पुरानी चीज़ को कुछ नया बनाना। |

| विज़ुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **समुदाय** | एक ही जगह पर रहने वाले या एक समान विशेष गुण रखने वाले लोगों का समूह। |
|  | **नवाचार** | एक नया विचार, तरीका या उपकरण। |
|  | **प्राथमिक स्रोत** | एक मूल वस्तु या दस्तावेज़ - कच्चा माल या प्रत्यक्ष जानकारी, स्रोत सामग्री जो अध्ययन की जा रही चीज़ के सबसे करीब हो। |
|  | **द्वितीयक स्रोत** | किसी ऐतिहासिक घटना का विश्लेषण, मूल्यांकन या व्याख्या करने वाले कार्य आमतौर पर ऐसा करने के लिए प्राथमिक स्रोतों का उपयोग करते हैं। |
|  | **प्रभावशाली प्रश्न** | ऐसे प्रश्न जो किसी यूनिट के "बड़े विचार" पर केंद्रित होते हैं। |

# क्रिया द्वारा सीखना: कक्षा स्तरीय कौशल

## कक्षा स्तरीय कौशल के उदाहरण

**व्यवहार विज्ञान मानक कार्य का उदाहरण:**
***संस्कृति क्या है और ये मेरे जीवन को कैसे प्रभावित करती है?***
छात्र कला का एक नमूना बनाते हैं और बताते हैं कि ये कैसे उनकी अपनी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है।

**छात्र कौन सा कौशल सीखेगा?**
ये कार्य छात्रों को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के ज़रिये रचनात्मक होने के साथ-साथ विभिन्न संस्कृतियों की समानता और अंतर के बारे में पूछताछ करने में मदद करता है।

**नागरिक शास्त्र और सरकारी मानक कार्य का उदाहरण:**
***लोग समुदायों में कैसे जुड़ते और भाग लेते हैं।***
कानूनों एवं नियमों के साथ-साथ अधिकारों और ज़िम्मेदारियों पर फ़ोकस करके सामुदायिक सरकार के बारे में सीखने के बाद, छात्र ऐसे तरीके निर्धारित करते हैं कि वे स्वयंसेवा के ज़रिये अपने समुदाय को बेहतर बना सकते हैं।

**छात्र कौन सा कौशल सीखेगा?**
छात्र सीखेंगे कि वे अपने समुदाय में बदलाव ला सकते हैं।

**अर्थशास्त्र मानक कार्य का उदाहरण:**
***पैसा कहाँ जाता है?***
कमी, वस्तु विनिमय और व्यापार जैसी आर्थिक अवधारणाओं के बारे में सीखने के बाद, छात्र एक पालतू जानवर और रसद खरीदने के लिए एक वर्चुअल पालतू जानवर की दुकान पर जाते हैं। छात्रों को ये तय करना होगा कि वे जो रसद खरीद रहे हैं वे ज़रूरतें हैं या इच्छाएँ।

**छात्र कौन सा कौशल सीखेगा?**
छात्र सीखेंगे कि अच्छे वित्तीय फ़ैसले लेते समय वो ये तय कर सकते हैं कि उन्हें किस चीज़ की ज़रुरत है और कौन सी चीज़ वे चाहते हैं।

**भूगोल मानक कार्य का उदाहरण:**
***मैं कहाँ रहता/ रहती हूँ?***
छात्र अपने खुद के खेल के मैदान को डिज़ाइन करके सीखे गए मैप स्किल्स को प्रदर्शित करते हैं। छात्रों को ये दिखाने के लिए कि क्या शामिल किया जाएगा, एक कंपास और एक मैप की के साथ एक मैप बनाना होगा। छात्र जो सीखा है उसे प्रदर्शित करते हुए रचनात्मक हो सकते हैं।

**छात्र कौन सा कौशल सीखेगा?**
छात्रों में मैप कौशल की समझ बढ़ेगी और वे सभी तरह के मैप प्रेज़ेंटेशन्स को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

**इतिहास मानक कार्य का उदाहरण:**
***समय के साथ लोगों और घटनाओं ने हमारे समाज को कैसे बदल दिया है?***
छात्रों को इस यूनिट में अपने सभी पूछताछ के कौशल लाने का मौका मिलता है। प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों का इस्तेमाल करते हुए सम्मोहक और सहायक प्रश्नों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। छात्र इतिहास में घटनाओं का विश्लेषण करने के लिए इन स्रोतों (जैसे तस्वीरें, समयरेखा, आदि) का इस्तेमाल करते हैं।

**छात्र कौन सा कौशल सीखेगा?**
छात्र ये सीखेंगे कि प्रभावशाली प्रश्न कैसे पूछें, ऐतिहासिक दस्तावेज़ों का विश्लेषण कैसे करें और देखें कि समय के साथ घटनाओं ने हमारे समाज को कैसे बदल दिया है।

# संसाधन

आपके बच्चे की शिक्षा में मदद करने के लिए लिंक और ऑनलाइन संसाधन।

- संस्कृति: PBS लर्निंग

- नागरिक शास्त्र और सरकार (Civics & Government): PBS लर्निंग
- अर्थशास्त्र (Economics): US मिंट
- भूगोल-शास्त्र (Geography): डकस्टर्स फ़ॉर किड्स
- इतिहास (History): हिस्टरी फ़ॉर किड्स

# घर-के लिए कनेक्शन्स

- उनके सीखने के बारे में प्रश्न पूछकर बातचीत में भाग लें:
  - o मुझे बताओ कि तुम क्या सीख रहे हो?
  - o मुझे बताओ कि ये तुम्हें क्या याद दिलाता है।
  - o तुम जो सीख रहे/रही हो उसके बारे में अपने कुछ सवाल मुझे बताओ।
  - o मुझे बताओ कि तुम जो पढ़ रहे हो उसके बारे में और ज़्यादा जानने में मैं तुम्हारी कैसे मदद कर सकता/सकती हूँ।
- कोर्स के कंटेंट को वास्तविक दुनिया से जोड़ें:

  o दुनिया भर में एक अलग संस्कृति के बारे में जानने के लिए न्यूज़ एक साथ देखें। फ़िर एक मैप पर वो लोकेशन ढूँढें और पहनावे व आवास की स्टडी करें। उस संस्कृति का खाना पकाएँ और एक सांस्कृतिक संग्रहालय का एक वर्चुअल टूर करें।

  o एक साथ मतदान के लिए जाएँ और वोट देने के अपने अधिकार का मॉडल तैयार करें।

  o साथ में खरीदारी करने जाएँ और अर्थशास्त्र के बारे में बात करें। इच्छाओं और ज़रूरतों पर चर्चा करें। इस बारे में बात करें कि अगर रसद कम हो तो आप क्या करोगे और आप अपने परिवार के लिए चीज़ों का बजट कैसे बनाएँगे।

  o North Carolina में रुचि के वेकेशन स्पॉट्स ढूँढें जहाँ आप राज्य के भूगोल के बारे में जान सकते हैं।

  o स्थानीय ऐतिहासिक रुचि की जगहों की फ़ील्ड ट्रिप्स पर जाएँ। चर्चा करें कि ये साइट क्यों एक महत्वपूर्ण जगह है। साइट से जुड़े प्राथमिक और द्वितीयक स्रोत ढूँढें और उन पर चर्चा करें।

# प्रत्याशित चुनौतियाँ

पहली कक्षा का सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ये छात्रों को उन विषयों के बारे में आलोचनात्मक रूप से सोचने की चुनौती देता है जिनके साथ उनका अनुभव बहुत कम हो सकता है। विकास के लिए वास्तविक दुनिया के अवसर प्रदान करने के लिए अपने बच्चे के साथ जीवन के अनुभव साझा करें। जैसे, ये अपने बच्चे को किराने की दुकान पर ले जाकर उन्हें ये तय करने देना कि कौन सी चीज़ खरीदनी है जितना आसान हो सकता है।

प्राथमिक और द्वितीयक स्रोत चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं क्योंकि ये पहली बार हो सकता है कि आपका छात्र कुछ ऐसा पढ़ रहा है जो ख़ास तौर से आपके बच्चे की पढ़ाई के स्तर के बराबर डिज़ाइन नहीं किया गया है। छात्रों द्वारा आपके साथ एक टेक्स्ट पढ़ने और उसके बारे में गहन स्तर पर बात करने की ज़रुरत पड़ सकती है।

छात्रों को और ज़्यादा अमूर्त अवधारणाओं और ऐतिहासिक घटनाओं को समझने के लिए एक ठोस आधार बनाने के लिए माता-पिता को अतिरिक्त पृष्ठभूमि ज्ञान बढ़ाने की ज़रुरत पड़ सकती है। आपके बच्चे की विशेष रुचि वाली ऐतिहासिक घटनाओं को एक्सप्लोर करना आपके बच्चे को उनके बारे में दुनिया से जुड़ने में मदद करने का एक शानदार तरीका है।

सबसे ज़रूरी बात, अपने छात्र के साथ सीखने में आनंद महसूस करें! ये पाठ्यक्रम उस सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम से बहुत अलग है जिसे आपने एक छात्र के तौर पर अनुभव किया था। अपने छात्र को आजीवन शिक्षार्थी बने रहना सिखाएँ।

# अपने बच्चे के टीचर के साथ बातचीत करना

क्या अभी भी अड़चन महसूस कर रह� हैं? अपने बच्चे की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए आप क्या कर सकते हैं, इस पर चर्चा करने के लिए अपने बच्चे के टीचर से संपर्क करें। कुछ प्रश्न जो आपकी चर्चा का मार्गदर्शन कर सकते हैं:

- आप मुझे अपने बच्चे की मदद करने के लिए किन संसाधनों का इस्तेमाल करने का सुझाव देंगे?
- आप मेरे बच्चे को कहाँ संघर्ष करते हुए देखते हैं? हम साथ मिलकर मदद के लिए क्या कर सकते हैं?
- मेरे बच्चे को घर पर क्या अभ्यास करना चाहिए?
- मेरे बच्चे को सीखने में मदद करने के लिए हम मिलकर क्या सामूहिक संदेश भेज सकते हैं?

**क्या तकनीकी मदद की ज़रुरत है?**

तकनीकी मदद के लिए अपने छात्र के होम स्कूल से संपर्क करें। डिवाइस का प्रकार (PC, Mac, Chromebook, आदि) और ब्राउज़र (Chrome, Firefox, Safari, आदि) शामिल करें।

# उद्धरण

इमेज Canva और Google ड्रॉइंग्स द्वारा बनाए गए हैं।